G.R.NO - 4143/13

Reg no - 4143/13

13.12.18 काराधीन अभियुक्त मनोज पासवान @ लंगड़ा पासवान का दाखिल दिनांक 11.12.18 के जमानत आवेदन को। आज एक आवेदन दाखिल कर प्रचालित करने की प्रार्थना करते हैं। जमानत आवेदन की प्रति A.P.O को प्राप्त करवाई गई। जमानत आवेदन प्रचालित किया गया। अभियुक्त के विद्वान अधिवक्ता का कथन है कि अभियुक्त पूर्व में जमानत पर थे। दिनांक 30.04.15 को वाद प्रतिलिपि हेतु लंबित था परन्तु अभि० के पैरवीकार के द्वारा उचित पैरवी नहीं होने के कारण अभि० का बंधपत्र खंडित कर दिया गया तथा NBW अधिपत्र निर्गत करने का आदेश दिया गया। तत्पश्चात सभी अभियुक्त पर सभी प्रोसेस निर्गत करते हुए दिनांक 05.05.17 को अभियुक्त पर स्थाई वारंट निर्गत करते हुए अभिलेख को Declere absconder किया गया। इस आदेश के बाद अभि० की ओर से कोई भी जमानत आवेदन ऊपर के किसी भी न्यायालय में दाखिल नहीं किया गया। अभि० ने जानबूझकर गलती नहीं की है जानकारी के अभाव में अभियुक्त से गलती हुई है तथा भविष्य में ऐसी गलती दोबारा नहीं करेंगे। अभियुक्त दिनांक 27.09.18 से न्यायिक अभिरक्षा में मंडल कारा बेगुसराय में संसिमित है। अभियुक्त न्यायालय द्वारा निर्गत सभी निर्देश का स्वेच्छापूर्वक पालन करने को तैयार है। अतः जमानत देने की प्रार्थना करते हैं।

A.P.O को जमानत आवेदन पर सुना। अभिलेख का अवलोकन किया। अवलोकन से विदित होता है कि दिनांक 05.05.17 को अभि० को Declere Absconder घोषित किया तथा P/W निर्गत किया गया। अभियुक्त दिनांक 27.09.18 से न्यायिक अभिरक्षा में मंडल कारा बेगुसराय में संसिमित है। अभियुक्त

Contd